font>

Title: Need to review the salary and allowances of employees working in Community Polytechnic Project.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : उपाध्यक्ष महोदय, भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 1978 में कम्युनिटी पोलिटेक्नीक योजना कार्यान्वित की थी। यह योजना शासकीय पोलिटेक्नीक एवं महिला पोलिटेक्नीक संस्था द्वारा चलाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य संस्था में उपलब्ध तकनीकी व विशेाज्ञता का उपयोग मुख्यतः पांच गतिविधियों क्रमशः सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण, तकनीकी हस्तांतरण, मानव संसाधन विकास, तकनीकी सेवाएं, अन्य सहायक सेवाएं तथा सूचना प्रसारण के माध्यम से ग्रामीण विकास के लिए किया जाना है। इसमें कार्यरत कर्मचारियों को 1995 से जो वेतन एवं भत्ते दिए जा रहे हैं, वही आज तक दिए जा रहे हैं जबकि केन्द्रीय एवं प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों के वेतन एवं भत्ते संशोधित कर उन्हें नए वेतन एवं भत्तों का लाभ वर्ा 1996 में दे दिया है। वर्ा 2001 में उपरोक्त वेतन एवं भत्तों में संशोधन कि गए थे लेकिन वह 1995 के वेतन-भत्तों के अनुरूप है। इस संशोधन से कर्मचारियों को आर्थिक लाभ में कोई वृद्धि नहीं हुई है। वर्ा 1978 से संचालित इस योजना में कार्यरत अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों का भविय अनिश्चित है। इनमें से कई कर्मचारी तो रोजगार प्राप्त करने की आयु सीमा भी पार कर चुके हैं।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन कर्मचारियों के परिवार एवं अन्य बिन्दुओं पर मानवीय आधार पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए वेतन एवं भत्तों का सुधार एवं नियमितीकरण की कार्यवाई करने का सहयोग करें।

<